卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 298 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦5 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444652
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़ में तीन जवान शहीद

श्रीनगर (उद ब्यूरो)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शुक्रवार रात सेना के तीन जवान शहीद हो गए। सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी मिलने के बाद हालन जंगल इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया था। जानकारी मिली थी कि इस इलाके में आतंकी मौजूद हैं। यहां पहुंचते ही आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने उनका मुंहतोड़ जवाब दिया। गोलीबारी के बीच तीन जवान घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उन तीनों की मौत हो गई। श्रीनगर की चिनार कॉर्प्स ने एक ट्वीट कर कहा, भारी गोलीबारी में तीन



जवान घायल हो गए थे जिन की इलाज के दौरान मौत हो गई। यहां आतंकियों के साथ गोलीबारी बढ़ने के बाद अतिरिक्त जवानों को भेजा गया है। बता दें कि हाल ही में श्रीनगर में पुलिस ने तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है जो कि द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़े हुए थे। इसके अलावा ले लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस की छोटी टीम ने चेकपॉइंट बनाया था। इसके बाद ये आतंकी पकड़ में आ गए। इससे पहले अप्रैल और मई में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के 10 जवान शहीद हुए थे। (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकार के खिलाफ मौन सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेसी

देहरादून(उद संवाददाता)। वनंतरा प्रकरण में आरोपियों को बचाने व वीआईपी के नाम पर सरकार की चुप्पी को लेकर कांग्रेसियों ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष मौन उपवास किया। बारिश के बीच गांधी पार्क में कांग्रेस नेता मौन सत्याग्रह पर बैठे रहे। दोपहर 12 बजे से मौन सत्याग्रह में कांग्रेस व पार्टी के सभी



फ्रंटल संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौन सत्याग्रह शुरू होने से पूर्व गांधी पार्क में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व केबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कांग्रेस नेताओं के आरोप है कि सरकार वनंतरा प्रकरण को दबाने व वीआइपी (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी की चौदह बाइकों के साथ दो शातिर दबोचे

काशीपुर(उद संवाददाता)। यूपी तथा उत्तराखंड के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चुराई गई 14 मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार मोटरसाइकिल चोरों



को पुलिस ने जेल रवाना कर दिया। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से बाइक चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## तेंदुए के शावक का शव मिलने से हड़कम्प

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में पिछले काफी समय से आतंक का पर्याय बने तेंदुए के शावक का शव एक ट्रांसफार्मर के पास मिलने से हड़कंप मच गया। तेंदुए के शावक की मौत की सूचना मिलते के साथ ही मौके पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए के शावक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामनगर ले गई। बताते चलें कि काशीपुर के आईटीआई थाना क्षेत्र में द्रोणासागर के पास गोविषाण टीले के आसपास के क्षेत्र में तेंदुआ का शावक घूमता हुआ नजर आ रहा था। सूचना मिलने के बाद बीते दिनों वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और



टीम से कुछ ही दूरी पर तेंदुए का शावक झाड़ियों में बैठा हुआ साफ दिखाई दिया था। इसके बाद वन विभाग की टीम और स्थानीय प्रशासन की टीम ने आसपास रहने वाले लोगों को तथा सुबह शाम मॉर्निंग और इवनिंग वॉक करने जाने वाले स्थानीय लोगों को भी वहां ना जाने के लिए आगाह किया था। तेंदुए के शावक को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गया था। वही आज जसपुर खुर्द के क्षेत्र में होलीडे आनंद के ठीक पीछे लगे ट्रांसफार्मर के नीचे तेंदुए के शावक का शव पड़ा मिला। वहीं तेंदुए के शावक की खाल के बाल ट्रांसफार्मर के ऊपर चिपके मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि तेंदुआ का शावक (शेष पृष्ठ सात पर)

## बहन के साथ ससुराल आई युवती से अश्लीलता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बहन के साथ उसकी ससुराल आई युवती के ससुर द्वारा कपड़े फाड़कर दुर्व्यवहार करने तथा परिजनों द्वारा दोनों से मारपीट करने के मामले में महिला हैल्प डेस्क के निर्देश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया गया है। दर्ज रपट में महिला ने कहा है कि उसकी शादी हिन्दू रिति रिवाज से चन्द्रशेखर पुत्र सर्वेश निवासी कुमार ओक्सीजन रामपुर रोड फाजलपुर महरौला से हुई थी। शादी के बाद से पति अपनी माँ मीना व पिता सर्वेश के चढ़ावे में आकर उसके साथ गाली गलौच व मारपीट करता (शेष पृष्ठ सात पर)

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लाखों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिप्टो करेंसी के सौदे के नाम पर एक महिला से लाखों रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मंजू यादव पत्नी विपुल कुमार ने कहा है कि 16 जनवरी 2023 को क्रिप्टो के चलते बंगलौर के अक्षय सुरेश नामक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन लेन देन चल रहा था। शुरुवात में 20 हजार रुपए खाते से लेन देन हुआ। उसके बाद धीरे धीरे एमाउंट बढ़ता गया और 3 लाख तक पहुंचा। (शेष पृष्ठ सात पर)

## विद्युत आपूर्ति ठप होने पर फूटा गुस्सा, अभियंता से नोक झोंक

रामनगर(उद संवाददाता) विद्युत सबस्टेशन में लगे एक ट्रांसफार्मर में अचानक फाल्ट होने के बाद 3 दिन से शहर की विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित होने से नगर की पेयजल आपूर्ति भी पूरी तरह ठप हो गई।भीषण गर्मी में बिजली और पानी ना होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे गुस्साये लोगों ने हंगामा किया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता से जमकर नोंक झोंक हुई। बता दें 3 दिन पूर्व विद्युत सबस्टेशन घास मंडी में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक फाल्ट हो गया था जिसके बाद से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी विभाग



के अधिकारियों द्वारा शहर में सभी क्षेत्रों को थोड़ी थोड़ी देर विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई थी लेकिन कल रात से फिर एक बार विद्युत आपूर्ति ठप होने से शनिवार को लोगों का गुस्सा फूट गया और भारी संख्या में लोग विद्युत सब स्टेशन पहुंच गए। जहां लोगों की वहां मौजूद अधीक्षण अभियंता नवीन मिश्रा के साथ तीखी नोकझोंक भी हो गई लोगों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी कोई भी संतोषजनक जवाब जनता को नहीं दे रहे हैं तो वही लोगों ने संसाधनों की कमी का आरोप लगाते हुए स्थानीय विधायक पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की गंभीर समस्याओं को (शेष पृष्ठ सात पर)

## 15.13 ग्राम स्मैक समेत नशा कारोबारी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता) नशे के खिलाफ अभियान के क्रम में गश्त कर रही पुलिस टीम ने एक शातिर नशा कारोबारी को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से



15.13 अवैध स्मैक बरामद किया है। बरामद इसमें की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 हजार के करीब आंकी जा रही है। आवश्यक (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंद घर का ताला तोड़ घर में घुसे दो संदिग्ध, पड़ोसियों को देखकर भागे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बंद घर का ताला तोड़ कार में आये दो अज्ञात व्यक्ति भीतर जा घुसे। पड़ोसियों के देख लेने पर दोनों मौके से फरार हो गये। दर्ज रपट में रेनू अरोरा पत्नी स्व. रणधीर अरोरा निवासी मॉडल कालोनी निकट गोपीनाथ मन्दिर वार्ड 26 ने कहा है कि उसकी दुर्गा मन्दिर गली, मुख्य बाजार में अरोरा टेन्ट हाउस के नाम से एक दुकान है। रोज की तरह वह 30 जुलाई को प्रातः लगभग 11:30 बजे घर से दुकान आ गयी थी। इसी दौरान पड़ोसी द्वारा फोन करके बताया गया कि घर के आगे एक कार संख्या डीएल 3 सीबीपी 7311 आकर रुकी है जिसमें से दो अज्ञात व्यक्तियों ने तुम्हारे घर के मैन दरवाजे का ताला तोड़ दिया है और वह अन्दर घर में घुस गये है। उसने पड़ोसी से कहा कि मेरे घर पहुचे वह भी आ रही है। रेनू का कहना है जैसे ही पड़ोसी अपने घर से उसके घर की ओर पहुंचे तभी उक्त अज्ञात लोग घर में से निकल कर गाड़ी में आकर बैठ गये और तेजी से गाडी चलाते हुये भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सास ने बहू पर फेंका खौलता पानी, हालत गंभीर

लालकुआं (उद संवाददाता)। यहां वार्ड नंबर 1 अंबेडकरनगर में घरेलू विवाद के चलते सास ने अपनी बहु पर खौलता हुआ पानी फेंक दिया। जिससे बहु बुरी तरह झुलस गयी। जिसे उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम भी आ गई। पुलिस ने आरोपी सास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 अंबेडकरनगर निवासी महिलाओं ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि



मोहल्ले में रहने वाली विवाहिता पूजा की सास चंपा देवी ने अपनी पूजा के ऊपर खौलता हुआ पानी उड़ेल दिया है। जिससे पूजा गंभीर रूप से झुलस गई है। उनका आरोप था कि पूजा का पति रोज शाम को नशे में धुत होकर घर आता है और पूजा को डंडे से बुरी तरह पीटता है। पुलिस को पीड़िता पूजा ने बताया कि उसकी सास उसे अक्सर बेवजह मारती पीटती रहती है तथा पति भी उसका उत्पीड़न करता है। पीड़िता के अनुसार उसका मायका बिहार प्रदेश के गया में है (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क किनारे खड़ा ट्रक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा रोड पर तीन पानी बगवाड़ा में खड़ा ट्रक अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसपुर खुर्द गुरू गोविंद सिंह कालोनी काशीपुर निवासी गुरदीप सिंह पुत्र बलदेव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उसके ट्रक संख्या यूके 06सीए 7130 पर सरिया लादकर चालक मनजीत सिंह रूद्रपुर में किच्छा रोड तीन पानी बगवाड़ा स्थित (शेष पृष्ठ सात पर)

# फसलों को बंदरों और सूअरों से बचाने के लिए बॉयोफेंसिंग पर कार्य किया जाए

## सीएम ने किया उत्तराखंड वाइल्डलाईफ हेल्पलाईन का लोकार्पण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को राज्य वन्यजीव बोर्ड की उन्नीसवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए बंदरों और जंगली सूअरों की समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मानव वन्यजीव संघर्ष



राहत राशि का वितरण 15 दिनों में सुनिश्चित किए जाने की व्यवस्था बनाने के भी निर्देश देते हुए कहा कि वन्यजीवों के हमले में किसी व्यक्ति की मृत्यु पर राहत राशि को 4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रूपए करने का प्रस्ताव जल्द से जल्द कैबिनेट में लाया जाए। मुख्यमंत्री ने बंदरों के बंध्याकरण के लक्ष्य को दोगुना करने के लिए कहा। उन्होंने कहा मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। वनों के पास गांवों में सोलर लाइट लगाई जाए, लोगों को जागरूक किया जाए, वन कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति की जाए। जिन स्थानों पर मानव वन्यजीव संघर्ष अधिक होते हैं, उनको चिह्नित किया जाए ताकि लोगों को पहले चेतावनी दी जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए बॉयोफेंसिंग पर कार्य किया जाए। इको टूरिज्म, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म और बायो फेंसिंग को बोर्ड की बैठक का नियमित एजेंडा बनाया जाए। प्रदेश के जंगलों में गुलदारों की संख्या बढ़ गई जबकि बंदर कम हो गए। वन्यजीव बोर्ड की बैठक में यह जानकारी दी गई। प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने कहा, भारतीय वन्य जीव संस्थान की ओर से प्रदेश भर में गुलदारों की गणना की गई थी। राज्य में 3115 गुलदार और एक लाख 10 हजार बंदर मिले हैं, जबकि 2015 में एक लाख 46 हजार बंदर थे। बता दें कि वर्ष 2008 में हुई गणना में प्रदेश में गुलदारों की संख्या 2315 थी। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड वाइल्डलाइफ हेल्पलाइन का भी लोकार्पण किया। सीएम ने बाघों की संख्या में उत्तराखंड के तीसरे स्थान पर रहने पर बधाई देते हुए कहा कि इसमें स्थानीय लोग बधाई के विशेष पात्र हैं। राज्य के क्षेत्रफल को देखते हुए यह अहम उपलब्धि है। वाइल्ड लाइफ टूरिज्म की दृष्टि से इसका व्यापक प्रचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा लंबे समय से लंबित टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का शीघ्र गठन किया जाए। टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स बनाकर युवाओं को इससे जोड़ा जाए। वनों से लगे ग्रामीण इलाकों के लोगों की वन्यजीव संरक्षण में अहम भूमिका होती है। ऐसे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। समय-समय पर वन्यजीव रेस्क्यू और रैपिड एक्शन फोर्स की ट्रेनिंग भी लोगों को दी जाए। बैठक में बताया गया कि मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण प्रकोष्ठ और उत्तराखंड मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि की स्थापना की गई है। प्रकोष्ठ के तहत उत्तराखंड वन्यजीव हेल्पलाइन की भी स्थापना की गई है। मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली का संशोधित प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें पूर्व में दी जा रही अनुग्रह राशि को बढ़ाने के साथ ही ततैया और मधुमक्खी से मनुष्य की मृत्यु पर भी अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री सुबोध उनियाल, विधायक श्रीमती रेनू बिष्ट, श्री राम सिंह कैड़ा, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु, डीजीपी श्री अशोक कुमार, प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक श्री अनूप मलिक सहित राज्य वन्य जीव बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# राज्यपाल से सीबीआरआई रूड़की के प्रतिनिधिमण्डल ने की चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में सीबीआरआई, रूड़की के निदेशक डॉ आर प्रदीप, कमांडेंट बी.ई.जी. रूड़की ब्रिगेडियर राजेश सिंह, आईआईटी रूड़की के प्रो. अक्षय द्विवेदी और अधीक्षण अभियंता, आईआरआई रमेश चन्द्र गुप्ता ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से आईआईटी रूड़की में आयोजित होने वाले 'विरासत और एकीकृत विकास कार्यक्रम'



के सम्बन्ध में चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि दिसम्बर माह में उत्तराखण्ड में इन्वेस्टर्स समिट प्रस्तावित है जो राज्य में निवेश एवं रोजगार बढ़ने के दृष्टिगत बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व सितंबर माह में रूड़की में विरासत और एकीकृत विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रुड़की नगर आईआईटी, रेल, यातायात, बिजली, सिंचाई कैनाल, उद्योग आदि के क्षेत्र में विशिष्ट महत्व रखता है और इस तरह का कार्यक्रम इन्वेस्टर समिट के लिए महत्वपूर्ण होगा। राज्यपाल ने सभी संस्थानों के अधिकारियों से आवश्यक तैयारियां करने की अपेक्षा की।

# जिला पंचायत की बैठक में उठीं कई जन समस्याएँ

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला पंचायत की सामान्य बोर्ड बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सदस्यघ्द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। बैठक में सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं प्रमुखता से छायी रही।सदस्यों ने वन भूमि हस्तांतरण न होने के कारण लंबित पड़े सड़क निर्माण कार्यों पर अपनी चिंता जाहिर की तथा कहा कि वन भूमि हस्तांतरण के मामलों को शीघ्रता से निपटाया जाए ताकि सड़क निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो सके। सदस्यों द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों व अन्य स्टाफ की कमी, जर्जर स्कूल भवनों



व स्कूल मार्गो की मरम्मत न होने जैसी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को एसएमसी के माध्यम से न करवा कर निर्माण एजेंसी से करवाया जाय ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे। वही जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में तैनात शिक्षकों को जनपद मुख्यालय में अटैच किये जाने पर भी नाराजगी प्रकट की। सदस्यों ने लम्पी बीमारी से मरे गोवंशीय पशुओं का बीमा क्लेम सेटल नहीं होने जैसी समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चौधरी ने जिपं सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिपं सदस्यों ने क्षेत्र की विकास योजनाओं की प्रगति के बारे में भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी मांगी। जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया।बैठक में राज्य वित्त 15वें वित्त के अंतर्गत प्राप्त धनराशि आवंटन पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष कोमल मेहता, जिपं सदस्य, डीडीओ रमा गोस्वामी, सीएमओ एचएस हयांकी, सीईओ अशोक कुमार जुकरिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी योगेश भारद्वाज, उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने भिकियासैंण तहसील का किया निरीक्षण

भिकियासैंण/स्याल्दे (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने विकासखंड भिकियासैंण एवं विकासखंड स्याल्दे के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण/निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने तहसील भिकियासैंण का निरीक्षण किया। यहां जिलाधिकारी ने दोतालक कोषागार में रखे स्टांप तथा बहुमूल्य वस्तुओं का रिकॉर्ड चेक किया। जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधितों को दिए। तहसील में बने आपदा कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा स्वयं आपदा कंट्रोल रूम का नंबर डायल करके व्यवस्थाओं को परखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपदा सीजन में कंट्रोल रूम को 24 घंटे सुचारू रखा जाए तथा प्राप्त सूचना पर त्वरित एक्शन लिया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने ब्लॉक मुख्यालय भिकियासैंण का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने खंडविकास अधिकारी से विकासखंड की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि विधायक निधि तथा वित्त आयोग की आवंटित धनराशि का समयबद्धता के साथ उपयोग किया जाए। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिए कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को प्राप्त हो इसके लिए सभी सहायक विकास अधिकारियों एवं पचायत



सचिव तथा ग्राम विकास अधिकारियों की इस संबंध में लगातार बैठके करते रहे एवं सभी योजनाओं की मॉनिटरिंग भी करते रहें। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिकियासैंण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की सभी व्यवस्थाओं को परखा। बंद पड़े हुए ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट को जल्द से जल्द संचालित करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ओपीडी को भी बढ़ने के निर्देश दिए। यहां पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य लाभ के लिए आए हुए लोगों से भी वार्तालाप किया तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का फीडबैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि क्षेत्र में टीकाकरण, जच्चा बच्चा आदि का समुचित डाटा रखा जाए तथा शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव करने हेतु निर्देशित किया।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बाडिकोट में वर्ल्ड बैंक से बन रहे लोह पुल का निरीक्षण किया। यहां जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यदाई संस्था पर कार्यों में शिथिलता का आरोप लगाया, जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कार्य संबंधी कड़े निर्देश दिए तथा कहा कि कार्यों को बॉन्ड अवधि के अनुसार ससमय पूर्ण करें साथ ही कार्य संबंधी संपूर्ण डिटेल उपलब्ध कराएं।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील स्याल्दे के दूरस्थ ग्राम तालेश्वर में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना। यहां पर लोगों ने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य समेत अन्य समस्याएं जिलाधिकारी के सम्मुख रखी। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को चौपाल में आई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान करने के निर्देश दिए।इस दौरान भ्रमण में उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग रानीखेत ओमकार पांडे, सीएमओ डॉ आरसी पंत समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो, अलार्म व सीसी टीवी कैमरों को भी चौक किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सही रखने तथा झाड़ियों का कटान कराने के निर्देश दिये। उन्होंने परिसर में दीवार निर्माण हेतु आवंटित धनराशि, कार्यदायी संस्था लोनिवि को ट्रान्सफर की गई धनराशि आदि के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड मस्तूदास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, तहसीलदार पूजा शर्मा, बीजेपी जिलामंत्री गजेन्द्र प्रजापति, कॉन्ग्रेस प्रतिनिधि सुनील आर्य सहित ड्यूटी प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई स्व.सोबन सिंह जीना की जयंती

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। स्व. सोबन सिंह जीना की 115 वीं जंयती उनके पैतृक गांव सुनौली ताकुला में धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर उपस्थित लोगों द्वारा स्व0 जीना की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित करते हुये उनको याद किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि/भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये कहा कि स्व0 जीना ने गॉव-गॉव घूमकर शैक्षिक विकास के लिए कार्य किया और आजादी के बाद उत्तराखण्ड की राजनीति में सोबन सिंह जीना एक प्रभावशाली राजनैतिक ताकत के रूप में उभरे। उन्होंने कहा कि पर्वतीय विकास मंत्री के रूप में उन्होंने काम किया जिसका लाभ सुदूर अंचलों तक मिला। स्व0 जीना अपने लम्बे राजनैतिक तथा सामाजिक जीवन में अपनी सौम्यता, मृदभाषिता, स्पष्टवादिता, समाजसेवा के लिए जाने जाते रहे। स्व0 जीना एक महान कानूनविद् के साथ-साथ शिक्षाविद् थे। उन्होंने कहा कि स्व0 जीना विकास के



मुख्य सूत्र धार रहे हमें उनके बताये गये मार्ग को अपनना चाहिये। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सांसद अजय टम्टा से दूरभाष पर हुई वार्ता के दौरान सांसद ने कहा कि सोबन सिंह जीना वाचनालय सुनौली को नियमानुसार 02.00 लाख रू0 पुस्तकों हेतु दिये जाने की घोषणा की है। इस अवसर पर स्व0 सोबन सिंह जीना कल्याण समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह चौहान ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्व0 जीना महान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर समिति के अनेक पदाधिकारियों ने स्व0 जीना के व्यक्तित्व पर प्रकाष डालते हुये उनके द्वारा किये गये विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्व0 जीना के परिवारिक सदस्यों को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रा0इ0का सुनौली के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भुवन जोषी, महामंत्री भाजपा धर्मेन्द्र बिष्ट, स्व. श्री सोबन सिंह जीना स्मृति कल्याण समिति सुनोली के उपाध्यक्ष जगदीश पंत, सचिव भूघर नारायण सिंह भाकुनी, कोषाध्यक्ष प्रदीप नगरकोटी, स्व जीना की पौत्रबधु ममता जीना, श्रीमती मुन्नी जीना, हंसी जीना, क्षेत्र पंचायत सदस्य पूजा भाकुनी, ग्राम प्रधान मीना देवी, तहसीलदार कुलदीप सिंह, अरविन्द सिंह, जगदीश डंगवाल, तारा नेगी, करम सिंह भाकुनी सहित समस्त क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# अग्रसेन युवा समिति कार्यकारिणी विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन युवा समिति कार्यकारिणी विस्तार किया गया। समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महामंत्री मित्तल को सचिव, संगठन सचिव शोभित अग्रवाल, विधि सचिव अमित गोयल , प्रचार सचिव मयंक अग्रवाल एवं विपुल अग्रवाल तथा मीडिया प्रभारी दीपक अग्रवाल को मनोनीत किया सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बध ई दी।कार्यक्रम के अंत में विपुल अग्रवाल ने सभी अग्र युवाओं को समिति से जुड़ने और सामाजिक कार्यक्रम में सहयोग के लिए अहवान किया। कार्यक्रम में मुख्य



कनव अग्रवाल ने पदाधिकारी की घोषणा की। जिसमें गोपाल अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, तपन मित्तल, हेमंत अग्रवाल को उपाध्यक्ष, मयंक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, ऋषभ बंसल और अक्षत गया। निवर्तमान अध्यक्ष सरिल गोयल के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल तथा महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल ने रूप से तरुण बंसल, साकेत अग्रवाल, शोभित बंसल, प्रवीण मित्तल, समीर अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नहीं रहे वरिष्ठ उद्योगपति श्याम प्रसाद विश्वास

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। हजारो लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगपति और वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्याम विश्वास (69) का शुक्रवार दोपहर को निधन हो गया। टैगोर नगर निवासी राम श्याम बीड़ी और डिटर्जेंट पाउडर निर्माता श्याम विश्वास ने शुक्रवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कारोबारियों ने शोक प्रकट किया है। श्याम विश्वास पूर्व सीएम स्व. एनडी तिवारी के बेहद करीबी थे। उनके सीएम कार्यकाल के दौरान वह योजना आयोग में भी रहे। कांग्रेस के पीसीसी सदस्य भी रहे। श्याम विश्वास की पत्नी मालती विश्वास ने 2017 में सितारगंज विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था। परिजनों के अनुसार गुरुवार को श्याम विश्वास की तबीयत खराब होने पर उन्हें उपचार के लिए हल्द्वानी स्थित निजी अस्पताल ले गए। स्थिति में सुधार नहीं होने पर वहां से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया। जहां शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे श्याम विश्वास ने अंतिम सांस ली। वह



अपने पीछे पुत्र राजा विश्वास और पत्नी मालती को रोता बिलखता छोड़ गये है। श्याम विश्वास के बड़े बेटे शिवम विश्वास की गत वर्ष में हल्द्वानी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। श्याम विश्वास के पार्थिव शरीर का टैगोर नगर के मोक्षध ाम में अंतिम संस्कार किया गया।जिसमे क्षेत्र व दूर दराज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे। इस मौके पर आन सिंह रावत, अजय जायसवाल, रविन्द्र अग्रवाल,विक्की मण्डल,निरंजन हीरा,देवू मण्डल,ओम प्रकाश कालरा, मुकुल पोद्दार,संजय बाछाड, सूरज देवनाथ,सुवीर सरकार,रवि मजुमदार, लालू मण्डल,दिनेश दास, विजय वागला, प्रियजीत रॉय,नरेश साना, अशोक मण्डल,नवतेज पाल सिंह, उत्तम आचार्य, रिपुसुदन मण्डल, रमेश राय, हरपाल सिंह, करन जंग, विश्वानाथ सरकार, बृजन मण्डल, बाबूलाल, सुमिंदर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, अनुप हालदार, पवित्र मण्डल, असीम,बिपुल विश्वास, विश्वजीत हालदार आदि लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इध र प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के आहवान पर बाजार बंद रख कर व्यापारिओं ने दु:ख प्रकट किया।

# हादसे में बच्ची की मौत पर परिजनों को बंधाया ढांढस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने प्रीत विहार में स्कूल बस से कुचलकर 9 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और स्कूल प्रशासन से पीड़ित परिवार को 5 लाख आर्थिक मदद के रूप में देने की मांग की है। श्रीमती शर्मा शुक्रवार को सुबह घटना की खबर लगते ही प्रीत विहार पहुंची, जहां उन्होंने मृतक बच्ची के परिजनों से मुलाकात की, और उन्हें ढाढस बंधाया। यहां श्रीमती शर्मा



ने कहा कि स्कूल बस के ड्राइवर की लापरवाही से बच्ची की दर्दनाक मौत हुई है, और उनकी गहरी संवेदनाएं मृतक बच्ची और उनके परिजनों के साथ है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि प्रथम दृष्टया बस ड्राइवर की लापरवाही से मासूम बच्ची की मौत हुई है, इसलिए बच्ची के प्रति और उनके परिजनों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए स्कूल प्रबंधन को पीड़ित परिवार के लिए 5 लाख की तत्काल मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रधान विजय यादव, अनिल शर्मा, अरशद पाशा, राजेश कुमार, पूर्व प्रधान मनजीत सिंह चंदी, पाकीजा, किशोर कुमार, मनफूल, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# भूमि बचाओ आंदोलन में पहुंचने की अपील

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर तहसील में 20 गांवों की भूमि को लेकर चल रहे धरने में भाकियू अराजनैतिक की पूरी टीम को सहभागिता करने के लिए पदाधिकारियों द्वारा अपील की जा रही है। जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने बताया कि बाजपुर के 20 गांवों के किसानों की सरकार द्वारा की जा रही तानाशाही से जमीनों की खरीद-फरोख्त पर लगाई गई पाबंदी के विरोध में लगातार चल रहे भूमि बचाओ आंदोलन में गदरपुर दिनेशपुर सहित अन्य ग्रामों के सभी किसानों से सहभागिता करने की अपील की गई है ।उन्होंने हजारों की संख्या में किसानों से 6 अगस्त प्रात:10 बजे बाजपुर तहसील पहुंचने की अपील की है । यूनियन के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया ने कहा कि बाजपुर के किसानों के हितों की लड़ाई में शामिल होकर एकजुटता दिखाते हुए उनका साथ दे और मंच पर अपने विचार भी रखें ।



# राहुल गांधी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सच्चाई की जीत: सोनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश कुमार सोनी ने मोदी सर नेम को लेकर राहुल गांधी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सच्चाई की जीत बताया है। जारी बयान में श्री सोनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सिद्ध हो गया है कि मोदी सरकार तानाशाह सरकार है। जनता की आवाज को बुलंद कर रहे राहुल गांधी की आवाज को जिस तरह से दबाने का काम किया जा रहा था वह साजिश नाकाम हो गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने देश में न्यायपालिका पर और विश्वास बढ़ाने का काम किया है। राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जो इस बात का प्रमाण है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में 'मोदी सरनेम' मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा लोकतंत्र को बचाने का काम किया है। श्री सोनी ने कहा कि राहुल गांध ी के खिलाफ जो साजिश रची जा रही थी वह नाकामयाब हुई है। सजा पर रोक का सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। यह सच्चाई और न्याय की जीत है।



# चोरों ने बंद घर से लाखों के जेवर व नगदी उड़ाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में अज्ञात चोरों ने गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में घर का रोशनदान तोड़ कर घर के भीतर से लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात तथा नगदी चोरी कर ली। वापस लौटने पर घटना को देख गृहस्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर गृहस्वामी से आवश्यक जानकारी ली और मौके का बारीकी से निरीक्षण कर आस पास लगे सीसी टीवी की फुटेज खंगाली। गृह स्वामी ने पुलिस को मामले की तहरीर सौंप दी है। जानकारी के अनुसार बिहार कालोनी डहरिया निवासी मोहन चंद्र बिनबाल गत 30 जुलाई को अपने परिवार के साथ गुड़गांव अपने पुत्र के कार्यालय गए थे। इस बीच अज्ञात चोरों ने बंद पड़े घर का रोशनदान तोड़कर भीतर जा घुसे और घर से चोरी कर ली। चोरी की सूचना 3 अगस्त की शाम को पड़ोस में रहने वालो ने दूरभाष पर दी। सूचना मिलते ही वह गुड़गांव से गत दिवस घर आ पहुंचे। उन्होंने देखा कि घर का रोशनदान टूटा हुआ हैं। जब उसने अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था और अलमारी में रखी हजारों की नगदी के साथ ही सोने व चांदी के आभूषण गायब थे। मोहन चंद्र ने पुलिस को बताया कि चोरों ने छत पर जाकर उनके यहां लगे सीसीटीवी कैमरा तार काट दी इतना ही नहीं चोर केमरे की चिप भी चुरा कर ले गए। उनका कहना था कि चोर अलमारी में रखे 8 से 10 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उत्तरांचल संगम की कार्यकारिणी का विस्तार

पंतनगर(उद संवाददाता)।उत्तरांचल संगम कार्यालय में आहुत बैठक में बहादुर सिंह नेगी, गिरीश मेहरा, दीपक भट्ट और पंकज तिवारी को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। गिरीश मेहरा को उत्तरांचल संगम के सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। उत्तरांचल संगम के अध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह माहोड़ी ने बताया कि 15



अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तरांचल संगम कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद रामलीला मानस मंचन की तैयारियां शुरू की जायेगीं। इस अवसर पर आनंद बिष्ट, रमेश मिश्रा, जगत सिंह, प्रकाश भट्ट , राहुल तिवारी, अनिल जोशी, चंद्रशेखर बचखेती, विमल भट्ट , हीरा वल्लभ नौटियाल, राजू रावत समेत उत्तरांचल संगम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सभी चिंताएं छोड़कर करें कथा का श्रवण

गदरपुर(उद संवाददाता)। सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के चतुर्थ दिवस कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जब भी कथा श्रवण करें संसार से निर्लिप्त होकर करें कथा में बैठकर भी घर बार और धंधे की बात सोचते रहने से मन विकृत



होता है,कथा मण्डप में केवल कथा का ही विचार करें अन्य सभी चिंताएं छोड़कर कथा में बैठे। कथा श्रवण करने के लिए श्री सनातन धर्म सभा, महिला संकीर्तन मंडल एवं युवा मंच के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र ग्रोवर के परिवार द्वारा दी गयी।

# स्कूल बस चालक के विरूद्ध रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस प्रीत विहार कालोनी में स्कूल बस से कुचल कर एक बालिका की हुई मौत के मामले में मृतका के पिता ने आरोपी बस चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में संजीव शर्मा पुत्र धर्मपाल शर्मा मूल निवासी ग्राम बमनपुरा थाना खजुरिया तहसील बिलासपुर जिला रामपुर हाल निवासी प्रीत विहार फाजलपुर महरौला ने कहा है कि वह अपने परिवार सहित किराये पर निवास करता है। 4 अगस्त को प्रात: 7.30 बजे वह अपनी पुत्री नेहा शर्मा आयु 7 वर्ष के साथ दवाई लाने के लिए अपने घर से आगे प्रीत विहार में सड़क के किनारे खड़े था। तभी जीडी गोयनका स्कूल, डिबडिबा थाना बिलासपुर जिला रामपुर की स्कूल बस पंजीयन संख्या यूके 07 पीए 3618 को बस का चालक अत्यन्त तीव्र गति व लापरवाही से चलाता हुआ आया और बस को उसकी पुत्री नेहा शर्मा के ऊपर चढा दिया। जिससे उसका सिर व शरीर कुचल गया और उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने आरोपी बस चालक के विरूद्ध मुकदमा दज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पुलिस ने आरोपी बस चालक को मौके से ही अपनी हिरासत में ले लिया था।

# 76 वीं जयंती पर याद किए गए कवि वीरेन डंगवाल

रामनगर (उद संवाददाता)। हिंदी के वरिष्ठ कवि वीरेन डंगवाल को उनकी 76 वीं जयंती पर कविताओं के साथ याद किया गया। राजकीय इंटर कालेज ढेला में हुए कार्यक्रमों की शुरुआत प्रधानाचार्य श्रीराम यादव व स्टाफ द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई। फिर आकांक्षा सुंदरियाल,खुशी बिष्ट,कोमल सत्यवली,मानसी करगेती की टीम ने डंगवाल की कविता हमारा समाज की संगीतमय प्रस्तुति दी।बारहवीं की छात्रा सानिया अधिकारी ने उनके जीवन के बारे में बताते हुए कहा समकालीन कवि वीरेन डंगवाल का जन्म 5 अगस्त 1947 को कीर्तिनगर, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड में हुआ। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा के बाद उन्होंने प्राध्यापन का कार्य किया और पत्रकारिता भी की। 28 सितंबर 2015 को कैंसर से उनका निधन हो गया। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कहा उनका फक्कड़ स्वभाव उनकी रचनाओं में भी साफ छलकता है। उनका पहला कविता संग्रह इस दुनिया में 43 वर्ष की उम्र में आया। पहले संग्रह पर उन्हें रघुवीर सहाय और श्रीकांत वर्मा पुरस्कार मिला। दूसरा संकलन दुष्चक्र में सृष्टा 2002 में आया और इसी साल उन्हें शमशेर सम्मान भी मिला। इसी संग्रह पर उन्हें 2004 में साहित्य अकादमी भी मिला। कवि ने कहा और स्याही ताल भी उनके संग्रह है। उन्होंने कुछ बेहद दुर्लभ अनुवाद भी किए, जिसमें पाब्लो नेरूदा, बर्तोल्त ब्रेख्त, वास्को पोपा और नाजिम हिकमत की रचनाओं के तर्जुमे खासे चर्चित हुए। वीरेन डंगवाल की कविताओं का कई भाषाओं में अनुवाद भी प्रकाशित हुआ।आठवीं कक्षा के गौरव अधिकारी ने वीरेन डंगवाल की हाथी,नवीन सत्यवली ने पपीता,करीना राय ने हम ओरतें,प्रियांशु भाटिया ने सभा,बारहवीं की सानिया अधि कारी ने मक्खी ,ईशा बिष्ट ने तोप व तानिया अधिकारी ने मां कविता सुनाई।नवी कक्षा की मेघा कार्की ने समोसा कविता पर,जबकि बारहवीं की संजना बिष्ट ने हम औरतें व अजय कुमार ने हाथी कविता पर कविता पोस्टर बनाए।प्रतिभागी बच्चों को पुरुस्कृत भी किया गया।इस मौके।पर प्रधानाचार्य श्रीराम यादव,मनोज जोशी, सी पी खाती,नवेंदु मठपाल,शैलेंद्र भट्ट ,संत सिंह,नफीस अहमद, हरीश कुमार,दिनेश निखुरपा,बालकृष्ण चंद,सुभाष गोला, जया बाफिला,उषा पवार,संजीव कुमार,प्रदीप शर्मा, नरेश सागर मौजूद रहे।



# चुघ ने भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से की चर्चा

## दिल्ली में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, रेखा वर्मा, तरुण चुघ व नरेश बंसल से मिले

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भारत भूषण चुघ ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कई राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर उनसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कराए जा रहे कार्यों तथा जनहित में लागू की जा रही नीतियों की विस्तार से जानकारी देते हुए चर्चा की। श्री चुघ ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की टीम में पुनः राष्ट्रीय महामंत्री बनने पर दुष्यंत गौतम का उनके निवास पर पहुंचकर स्वागत कर बधाई दी। इसके अलावा संगठन में पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर रेखा वर्मा दीदी व पुनः राष्ट्रीय महामंत्री बनने पर तरुण चुघ को उनके निवास पर पहुंचकर स्वागत किया। साथ ही उत्तराखंड के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल से भेंट कर उनको राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। पार्टी के सभी राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात के दौरान श्री चुघ ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार जन अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा जहां राज्य के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है वहीं राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा से हो रहे जान माल के नुकसान पर मुख्यमंत्री श्री धामी स्वयं नजर रखकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। श्री चुघ ने कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा आगामी निकाय तथा लोकसभा चुनाव में पार्टी का परचम लहराने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट कर उन्हें केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम को मजबूत कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को कांग्रेस मुक्त बनाने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता आपसी सामंजस्य बनाते हुए कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जा रहा है। मुलाकात के दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री श्री धामी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि श्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने अपने आवास पर आकर बधाई देने पर चुघ को धन्यवाद भी किया।








# नेत्रदान कर अमर हुए वरिष्ठ व्यापारी जगन्नाथ बजाज

गदरपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 2 करतारपुर रोड गदरपुर निवासी धीरज बजाज के पिता जगन्नाथ बजाज का कल दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। दुख की इस घड़ी में सामाजिक सोच रखते हुए उनके सुपुत्र धीरज बजाज ने बड़ा हृदय करते हुए नगर की नेत्रदान संस्था सोचो डिफरेंट से संपर्क किया । तत्पश्चात सीएल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान लिए गए अब किन्हीं दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी और दिवंगत जगन्नाथ बजाज हमेशा के लिए अमर हो गए। जाते जाते किन्ही दो लोगो को रोशनी दे गए। दिवंगत आत्मा को क्षेत्र के विभिन्न संगठनों सोचो डिफरेंट संस्था,व्यापार मंडल गदरपुर,पंजाबी महासभा,श्री जय भवानी जागरण मंडल,जियो जिंदगी,पुरातन श्री सनातन धर्म मंदिर,श्री शिव मंदिर कमेटी,हेल्प टू अडर्स सोसाइटी ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# बेहड़ ने किच्छा चीनी मिल कर्मचारियों से किया संवाद

## विधायक बेहड़ ने ग्राम बडोरा दो विकास कार्यों का किया लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड़ ने शुक्रवार को किच्छा चीनी मिल गेस्ट हाउस में वहां के स्थानीय लोगो और चीनी मिल में कार्यरत कर्मचारियों से मुलाकात की तथा उनकी जन समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता की,इस दौरान चीनी मिल के मजदूर संघ द्वारा विधायक बेहड़ का स्वागत किया गया, चीनी मिल के कर्मचारियों ने तनख्वाह का समय से भुगतान मिलने, मनिदर में जनमिलन केंद्र बनाये जाने सडक का निर्माण आदि समस्याओं से विधायक बेहड़ को अवगत कराया जिनका शीघ्र निदान कराये जाने का बेहड़ ने आश्वासन दिया.विधायक बेहड़ ने कर्मचारियों की मांग पर विधायक निधि से जनमिलन केंद्र बनाये जाने की घोषणा की।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, सभासद लियाकत अंसारी,दलीप सिंह बिष्ट,गौरव बेहड़,ठाकुर संजीव सिंह, इंटेक यूनियन संघ अध्यक्ष रोहिल चरण,जे पी कुशवाहा,रियाज अहमद,सुनीता कश्यप,मनोज कुमार, अवतार सींह ,तुला सिंह, महेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व बेहड़ ने विधानसभा किच्छा में दो विकास कार्यो का लोकार्पण किया वे प्रातः ग्राम बडोरा पहुंचे जहाँ उन्होंने विधायक निधि से 5 लाख की लागत से तैयार कराये गए सार्वजानिक स्थान पर टीन शैड का उद्घाटन किया तथा वार्ड -20 में जिला योजना से निर्मित 5.64 लाख की लागत की सड़क का उद्घाटन किया। विधायक बेहड़ ने कहा कि वे अपनी विधानसभा के हर क्षेत्र को विकास में साथ लेकर चल रहे है द्य पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार किया जिस कारण यहाँ विधायक निधि से कोई कार्य पूर्व में नहीं किया गया और केवल वोट बेंक की राजनीती की गयी जबकि वे सभी क्षेत्रों को बराबर साथ लेकर कार्य करवा रहे है अल्पसंख्यक क्षेत्र भी जो विकास में पीछे रह गये है उनमे भी विकास कराया जा रहा है। इस दोरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ब्लाक कांगेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, अरुण कुमार शुक्ला,हरविन्द्र सिंह, रिंकी कौर प्रधान,अफसार कुरैशी,एन यू खान, ताहिर मलिक,तोशिब अंसारी, ओम प्रकाश दुआ,फरियाद शाह,सरीफ हाजी, अकील अहमद, याकूब पूर्व प्रधान, आरिफ, रफीक अहमद पूर्व ,रणजीत सिंह, सुखविंदर सिंह,रिशु सलूजा,मुन्ने पूर्व बीटीसी आदि लोग उपस्थित रहे।






# डीएम ने मांगी घोषणाओं की रिपोर्ट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभगार में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणों की समीक्षा की। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि 07 अगस्त, 2023 तक निर्धारित प्रारूप पर सीएम घोषणा की स्पष्ट



रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ट कहा कि निर्धारित तिथि तक सीएम घोषणा की रिपोर्ट न उपलब्ध कराने वाले अधिकारियों के खिलफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि रिपोर्ट के साथ-साथ सभी घोषणाएं शामिल होने का प्रमाण पत्र भी देना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि जुलाई, 2021 से पूर्व व जुलाई, 2021 के बाद की सीएम घोषणा की अलग-अलग रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि सीएम घोषणा के सम्बन्ध में यदि भूमि से सम्बन्धित कही पर कोई परेशानी है तो शीघ्र अवगत कराये ताकि समय से उसका निस्तारण किया जा सकें। उन्होने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि रूद्रपुर व काशीपुर में पिंक टायलेट बनाये जाने हेतु भूमि चयनित करें ताकि पिंक टायलेट का निर्माण प्रारम्भ हो सकें। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम घोषणा से सम्बन्धित यदि कोई फाईल शासन स्तर पर लम्बित है तो अवगत कराये ताकि शासन स्तर पर पत्राचार कर निस्तारण किया जा सकें। उन्होने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी निर्माण कार्य चल रहा हैं, उसमे तेजी लाते हुये गुणवत्तायुक्त ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सीएम घोषणा की प्रगति रिपोर्ट मा0 विधयकगणों को भी उपलब्ध कराये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, डीएफओ संदीप कुमार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश चन्द्र काण्डपाल, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सचिव जिला विकास प्राधिकरण एनएस नबियाल, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, अधिशासी अभियन्ता आरडब्लूडी पंकज कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध आदि उपस्थित थे।






# आरएएन स्कूल में विद्यालय संसद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल डिबडिबा में विद्यालय की संसद के नए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक विंग कमांडर एच. के. राय तथा श्रीमती मधु राय ,डायरेक्टर मोहित राय ,निर्देशिका श्रीमती निधि राय तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । विद्यालय संसद के चयन में विद्यालय के सहज सिंह अध्यक्ष तथा किरनजोत अध्यक्षा के रुप में चयनित किए गए। संसद में चयनित छात्रों को सैशे तथा बैज लगा कर एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एच. के. राय ने छात्रो के प्रयासों के लिए प्रशंसा की और उन्हें उनके बढ़ते हुए योगदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भविष्य में इसी तरह से अग्रसर रहने की प्रेरणा दी और उन्हें एक सकारात्मक समाज के निर्माण में योगदान करने की महत्वता पर जोर दिया। उनकी सफलता के लिए आशीर्वाद के साथ -साथ बधाई दी । इस अवसर पर समस्त शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी तथा सफलता के सोपान पर चढ़ने का आशीर्वाद दिया ।





# एनएच फिटनेस जिम का हुआ शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा रोड काली मन्दिर के पास पी.डब्लू.डी के सामने रम्पुरा वार्ड नं.21 रुद्रपुर में एनएच फिटनेस जिम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के दौरान हवन पूजन में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिम का शुभारंभ रम्पुरा के पूर्व सभासद हरपाल सिंह व शहर कर वरिष्ठ पत्रकार अमन सिंह ने फीता काटकर किया। हरपाल सिंह ने कहा कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए यह जिम वरदान साबित होगा। आज की युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसती जा रही है, जिन्हें एक नई दिशा देने की आवश्यकता है ताकि वह अपनी ऊर्जा को सही दिशा में इस्तेमाल कर सकें। पत्रकार अमन सिंह ने कहा कि युवाओं को




अपने शरीर को फिट रखने के लिए योग के साथ-साथ व्यायाम भी करना चाहिए। इससे उनके शरीर की फिटनेस बनी रहेगी। जिम संचालक अनुज सिंह ने बताया कि यह जिम रम्पुरा व आसपास के क्षेत्रों में युवाओं की बढ़ती अपेक्षाओं तथा मांग के अनुरूप बनाया गया है, ताकि लोगों को यहां पर हर तरह की सुविधा प्राप्त हो सके। इस मौके पर संजय सिंह, सुमित सिंह, बॉबी सिंह, अरनव सिंह, शुभम गुप्ता, सचिन गंगवार, विवेक गुप्ता, मुकुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, विमल सरकार, शानू, राजा, अम्बर सकसेना समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर श्रमिकों ने श्रम कार्यालय पर दिया धरना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित समाज आटोमोटिव कंपनी द्वारा निकाले गए 41 स्थाई मजदूरों ने आज अपने आंदोलन के 105 वें दिन श्रम कार्यालय पर धरना दिया। मजदूरों की पीडीपीएल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह चिलवाल ने कहा कि श्रम विभाग व जिला प्रशासन कानून पालन कराने की अपनी जिम्मेदारी से मुकर रहा है और गैर कानूनी तरीके से कारखाना संचालन करने व श्रम कानूनों का उल्लंघन करने की पूरी छूट समाज आटोमोटिव कारखाने को दी गई है।भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा भाजपा सरकार में मजदूरों, किसानो आम जनता का शोषण बेतहाशा बढ़ गया है. भाजपा सरकार के इशारे पर ही प्रशासन मजदूरों के अधिकारों को कुचल रहा है। पीडीपीएल मजदूर यूनियन ने प्रमुख सचिव देहरादून को भी ज्ञापन में भेजा जिसमें 41 मजदूरों की कार्य बहाली करने, एएलसी की गैर जिम्मेदाराना कार्य विरक्ति पर रोक लगाने , मजदूरों का 20 दिन का अर्जित वेतन देने, वार्ताओं को पुन: शुरू करवाने की मांग की गई। धरना देने वालों मे धर्मेंद्र पटेल , करण पटेल, पुरुषोत्तम ,हीरा सिंह राठौर, जयशंकर सिंह , जयपाल, जगदंबिका प्रसाद ,ललित रावत, चरण सिंह, शैलेंद्र सिंह, यशपाल , सत्यपाल,नरेन्द्र चौहान, हरीश, अशोक, रामानंद, केशव , राकेश सहित मजदूर यूनियनों के लोग मौजूद थे।




# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुनाई गयी सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाये जाने से कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भगत सिंह चौक पर आतिशबाजी की और मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र की जीत है। सत्यमेव जयते का नारा एक बार फिर बुलंद हुआ है।मानहानि मामले में जानबूझकर राहुल गांधी को फसाया गया और आनन फानन में उनकी संसद की सदस्यता समाप्त कर लोकतंत्र का खुला अपमान किया गया। मोदी सरकार ने राहुल गांधी से बदला लेने के लिए संविधान को भी ताक पर रख दिया। आज माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एक बार फिर सच्चाई की जीत हुई है। सर्वोच्च न्यायालय ने लोकतंत्र और संविधान को बचाने का काम किया है। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के जनविरोधी फैसलों के खिलाफ लगातार लगातार जनता की आवाज को बुंलद कर रहे राहुल गांधी की आवाज को लगातार दबाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी लिए कायदे कानूनों को ताक पर रखकर राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त की गयी। आज नतीजा सबके सामने है। यह लोकतंत्र की जीत है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करना सिर्फ राहुल गांधी का अपमान नही बल्कि उनके संसदीय क्षेत्र की जनता का भी अपमान है। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ चुका है अब राहुल गांधी की सदस्यता तत्काल बहाल की जानी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सौरम चिलाना, गोपाल भसीन, संदीप चीमा, मोहन खेड़ा, ओमकार सिंह ढिल्लो, सुनील आर्य, ज्योति टम्टा, विकास विश्वास, अशोक मंडल, विधान सरकार, संजय आईस, शिवपद सरकार, उमा सरकार, मान सिंह, प्रीति साना, ममता रानी लियाकत खान, फरीद मंसूरी फरीद मंसूरी. रिजवान खान, सुनील राठौर, गोपाल यादव, शुभम रस्तौगी पवन वर्मा, कमल सैनी सतीश कुमार, सुहेल खान, रिजवान लाला, पवन गाबा, राजू भुसरी नबी अहमद, नवाब अली बाबू विश्वकर्मा, सुभाष राव, रमेश बोरा, नवीन पंत, उमेश बिष्ट, आसिम अली फरमान पाशा, फैयाज मलिक, कुलवंत सिंह बाबू खान, जकी रजा, अशोक कोली, पप्पू कोली, राकेश कोली, मोहित कोली बिरेन्द्र कोली, मोहित कोली, अमित श्रीवास्तव, ओमप्रकाश कोली आदि समेत तमाम कांग्रेसी थे।



# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय (एन0ई0पी0)नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर मंथन किया गया। नई शिक्षा नीति के तहत विषय को कैसे रुचिकर बनाया जाये व विद्यार्थी इस नीति से कैसे लाभान्वित हों, साथ ही ब्लूम टैकसोनोमी के आधार पर (लेसन प्लान) पाठ योजना कैसी हो, कैसे तैयार की जाए तथा पंचकोश के नियम भी बताये गये। इसके लिए कई क्रियात्मक गतिविधियों को किया गया। कार्यक्रम का संचालन विषय विशेषज्ञ भावना पॉल ने किया जो दिल्ली से थीं, ये कॉउंसलर, सॉइकलॉजिस्ट व शिक्षा लाइफ कोच विभाग से 20 वर्षों से जुड़ी हैं। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा व सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दरिंदगी की घटनाएं

राजस्थान पुलिस की हाल की एक रपट कहती है कि दस साल से कम आयु की बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं में करीब तीन फीसद का इजाफा हुआ है। राजस्थान के भीलवाड़ा में एक बच्ची की हत्या की घटना ने यही साबित किया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और ऐसा लगता है कि अपराधियों के भीतर प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। खबरों के मुताबिक, कोटड़ी इलाके के नरसिंहपुरा गांव में बकरी चराने खेतों की ओर गई बच्ची जब देर तक घर नहीं लौटी तब उसके परिवार के लोगों ने ढूंढ़ना शुरू किया।खेतों में लकड़ी जला कर कोयला बनाने वाली एक भट्टी में कुछ अवशेष मिलने और उसकी पहचान के बाद यह पता चल सका कि बच्ची की हत्या करके उसे जला दिया गया है। स्थानीय लोगों ने आशंका बलात्कार की भी जताई है। जब मामले ने तूल पकड़ लिया, तब पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया। लेकिन आखिर क्या कारण है कि राजस्थान में पिछले कुछ समय से बलात्कार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और सरकार के लिए उन पर रोक लगाना मानो मुश्किल हो गया है। सरकार और पुलिस के कामकाज का वह कौन-सा तरीका है कि आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कोई खौफ नहीं रह गया लगता है।राजस्थान पुलिस की हाल की एक रपट कहती है कि दस साल से कम आयु की बच्चियों से बलात्कार की घटनाओं में करीब तीन फीसद का इजाफा हुआ है। वहीं छोटी बच्चियों से सामूहिक बलात्कार की वारदात में भी इस साल 13.64 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। यानी खुद पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में मासूम बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा और दरिंदगी की घटनाएं बढ़ी हैं। बलात्कार के ज्यादातर मामलों में मुख्य आरोपी पीड़ित के परिचित ही होते हैं। लेकिन इन घटनाओं पर पुलिस को जहां सक्रिय होकर अपराधियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए वहां शासन-प्रशासन के भीतर एक विचित्र चुप्पी छाई दिखती है। क्या यही रवैया एक मुख्य कारण नहीं है जिसकी वजह से आपराधिक तत्त्वों को अपनी मनमानी करने को लेकर बेखौफ बनाता है? फिर देश के दूसरे इलाकों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर आक्रामक रहने वाली पार्टियों को क्या राजस्थान में भी बढ़ते अपराधों और खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामलों को लेकर संवेदनशील और ठोस रुख नहीं अपनाना चाहिए? दरअसल, यौन हिंसा की बढ़ती घटनाएं जहां कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की नाकामी का नतीजा हैं, वहीं एक सवाल यह भी है कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के मामले बिगड़ती तस्वीर को लेकर कानूनी सख्ती के साथ-साथ क्या इससे जुड़ी अन्य जटिलताओं पर विचार किया जाता है? कुछ लोगों के भीतर ऐसी कुंठा और मानसिक विकृति पलती रहती है, जिसका शिकार होकर वे मासूमों तक की हत्या या उनके खिलाफ यौन हिंसा करने से नहीं हिचकते। पेशेवर अपराधियों से निपटना पुलिस की कामकाज की शैली और ईमानदार इच्छाशक्ति पर निर्भर है। इसके समांतर बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में भी अगर वैसे लोग भी शामिल पाए जाने लगे हैं, जो आदतन अपराध ी नहीं हैं, तो यह किसी भी समाज और सरकार के लिए चिंतित होने वाली बात है। सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी कानून व्यवस्था और उसका प्रभाव कायम करना होना चाहिए, ताकि अपराध की मंशा रखने वालों के भीतर खौफ पैदा हो। साथ ही अपराधों की जड़ पर भी प्रहार करने की जरूरत है।

# गौरीकुंड में लापता लोगों की खोजबीन में जुटीं रेस्क्यू टीमें

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड में भूस्खलन में लापता हुए 17 लोगों की खोजबीन के लिए रेस्क्यू सुबह 5.30 बजे से शुरू हो गया है। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू टीम को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिये। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित भूस्खलन की वे बड़ी घटनाएं हैं, जिनमें हजारों लोग मारे गए या लापता हो गए। 2013 में केदारनाथ में हुए भूस्खलन और बाढ़ में 4500 लोग मौत के आगोश में सो गए थे या नामो-निशान मिट गया। गौरीकुंड में हाईवे स्थित डाटपुल के समीप दुकानों का संचालन कर रहे नेपाली मूल दुकान लेकर उसका संचालन करते थे। साथ ही उन्होंने अन्य कुछ लोगों को यहां रोजगार भी दे रखा था।अमर बोहरा पत्नी अनीता बोहरा और अपने पांच बच्चों राधिका व पिंकी, पृथ्वी, जटिल और वकील के साथ गौरीकुंड में लंबे समय से रह रहा था। इस वर्ष अमर ने डाटपुल के समीप दुकान बंद कर सोने चला गया।रात 11 बजे से क्षेत्र में मूसलाधार बारिश शुरू हुई और रात लगभग 11.30 बजे तेज आवाज के साथ पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा टूटकर सड़क किनारे दुकान व ढाबे पर गिरा और मलबे के साथ नदी में जा गिरा। तेज आवाज सुनकर स्थानीय





अन्य संस्थाओं के जवान खोजबीन में जुटे हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सुबह से क्षेत्र में हल्की बारिश हो रही है। दुर्भाग्य से रुद्रप्रयाग देश के 10 सबसे अधिक भूस्खलन खतरे वाले जिलों में से पहले नंबर पर है। इसकी तस्दीक पिछले तीन-चार दशकों के दौरान जिले में के अमर बोहरा और वीर बहादुर के परिवार के लिए बृहस्पतिवार की रात को पहाड़ी से गिरे बोल्डर और मलबा काल बनकर आया। दोनों परिवारों के दस लोग मलबे-बोल्डर के साथ नदी में बह गए।शुक्रवार को दिनभर उनकी खोज होती रही लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं लग पाया है। ये दोनों परिवार किराए पर दुकान किराए पर ली थी। जबकि वीर बहादुर पत्नी सुमिता और पुत्री निशा के साथ यहां ढाबा चलाता था।यात्राकाल में दुकानें रात 12 बजे तक खुली रहती हैं लेकिन इन दिनों यात्रा धीमी पड़ने पर दुकानें जल्दी बंद हो जाती हैं। बृहस्पतिवार रात को भी लगभग 10.15 बजे अमर और वीर बहादुर का परिवार कुछ लोग मौके पर पहुंचे तो दुकान व ढाबे का कहीं कोई निशान नहीं मिला। वहां सिर्फ मलबा था। व्यापार संघ के अध्यक्ष रामचंद्र गोस्वामी कहते हैं अमर बोहरा और वीर बहादुर के परिवार में दस सदस्य थे। बोल्डर-मलबा इतनी तेजी से आया कि परिवारों को किसी को सूचना देने का मौका भी नहीं मिल पाया।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रदेश कांग्रेस नेताओं में उत्साह

## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहाः यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत

देहरादून (उद संवाददाता)। मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। वहीं कोर्ट ने राहुल की सजा पर रोक लगा दी है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिलने से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिष्ठान वितरण किया। मानहानि मामले में कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है। उन्होंने ट्वीट के जरिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद किया है। राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में करण माहरा ने कहा कि राहुल गांधी इस पूरे संघर्ष में मोदी सरकार की तानाशाही से न डरे और न झुके। अब संसद में वापसी कर विपक्ष की आवाज को बुलंद करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नआरोप लगाए कि देश में मोदी सरकार राहुल गांधी से सबसे ज्यादा डरती है, संसद सदस्यता के पीछे हाथ धोकर पड़े थे। कहा कि दुर्भावना की हद तो ये थी कि जो राहुल गांधी से रातोंरात घर भी खाली करवाया गया। भारत की जनता ये सब देख रही है। 2024 में मोदी सरकार को जवाब देगी। महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि आज की जीत नफरत करने वालों पर मोहब्बत करने वालों की जीत है। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक अमरजीत सिंह, सोशल मीडिया के अध्यक्ष विकास नेगी,उपाध्यक्ष पूरन,युवा कांग्रेस से शिवा वर्मा, महेश जोशी, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा,विनीत प्रसाद भट्ट, अजय रावत, आदि उपस्थित थे।

# पति ने अपनी असिस्टेंट प्रोफेसर पत्नी पर मानसिक उत्पीड़न करने का लगाया आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हरिद्वार से हल्द्वानी पहुंचे एक कारोबारी ने अपनी असिस्टेंट प्रोफेसर पत्नी पर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। उसने पत्नी के खिलाफ छात्रसंघ पदाधिकारियों के साथ बुद्ध पार्क में धरना दिया और न्याय की मांग करते हुए बेटी से को वह हल्द्वानी में तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में धरने पर बैठ गए। यहां एमबीपीजी कॉलेज की छात्रसंघ अध्यक्ष समेत राजनीतिक दलों के नेता भी उनके समर्थन में बैठ गए। नितिन जैन ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 2014 में काशीपुर निवासी युवती से हुई थी। 2011 से कर उसके खाते में डाले। कहा कि उनकी एक बेटी भी है। पत्नी हल्द्वानी के एक कॉलेज में प्रोफेसर है। आरोप है कि वर्ष 2016 में दोनों के बीच विवाद हुआ तो पत्नी ने उन्हें घर से निकाल दिया। इसके बाद पत्नी उन पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। वर्तमान में उनका




मामला कोर्ट में चल रहा है। अब वह न तो तलाक दे रही है और ना ही किसी प्रकार से समझौता करने के लिए तैयार है। इससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं।आरोप लगाया कि पत्नी उनके खिलाफ पुलिस और कोर्ट में गलत शिकायत कर रही है। कोर्ट के आदेश के बाद भी बेटी से नहीं मिलने दिया जा रहा है। हाल में हल्द्वानी में उसके खिलाफ स्कूटी चोरी का आरोप लगाते

मिलने की गुहार लगाई। हालांकि दोनों के बीच कोर्ट में तलाक का केस विचाराधीन है। हरिद्वार रानीपुर मोड सी ब्लॉक निवासी नितिन जैन का हरिद्वार में कॉस्मेटिक का कारोबार है। शुक्रवार युवती उनके साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। उन्होंने उसे पीएचडी कराई और पूरा खर्चा भी उठाया। लिव इन के दौरान 2011 में ही उसने पत्नी के नाम फ्लैट लिया और छह लाख रुपये आरटीजीएस हुए मुकदमा कराया जो पुलिस जांच में बेबुनियाद निकला। उधर, प्रोफेसर पत्नी ने पति की ओर से लगाए गए आरोपों को गलत बताया। कहा कि पति उनपर दबाव बनाने के लिए यह सब हरकत कर रहे हैं। वह अपने बेटी के साथ अकेली रहती है। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया, छात्र महासंघ अध्यक्ष गौरव मठपाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष लाल सिंह पंवार, योगेंद्र सिंह बिष्ट, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप कुकसाल, युवा कांग्रेस के अभिषेक बिष्ट, गजेंद्र गौनिया, सचिन जलाल, पार्षद राजेंद्र जीना, तौफीक अहमद, मनीष, संजय जोशी, हर्षित जोशी, आशीष कुडई आदि मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# डीएम ने शीशमहल स्थित जलसंस्थान के फिल्टर प्लांट का किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मानसून व गर्मी में हल्द्वानी शहर में पानी की समस्याओं को देखते हुये जिलाधिकारी वंदना ने शनिवार को भविष्य की जरूरतों को देखते हुए जलपूर्ति के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के प्रोजेक्ट्स के संबंध में परीक्षण हेतु शीशमहल स्थित जलसंस्थान के फिल्टर प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून एवं गर्मी के सीजन में हल्द्वानी शहर में पानी की काफी समस्या बनी रहती है। हल्द्वानी शहर की दैनिक आवश्यकता लगभग 70 से 80 एमएलडी की है और शीशमहल प्लांट से ग्रैविटी द्वारा लगभग 35 एमएलडी पानी उपलब्ध हो पाता है । अतिरिक्त पानी के लिए नलकूपों पर निर्भरता के कारण मानसून सीजन में मोटर या पम्प खराब होने की घटनाएं होने से जलापूर्ति प्रभावित होती है । साथ ही पम्पिंग की सप्लाई से भूमिगत जल को प्रभावित करती है, हल्द्वानी शहर में भूमिगत वाटर सप्लाई का लेवल काफी कम है , इसके लिए दीर्घकालीन प्रस्तावों पर विचार करने की आवश्यकता है। इसके समाधान के लिए कई बड़ी योजनाओं पर कार्य चल रहाहै। उन्होंने कहा एडीबी द्वारा स्टोरेज एवं वाटर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन के साथ ही नलकूपों पर भी कार्य कर रहा है। डीएम ने कहा भविष्य के दीर्घकालीन प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान, है इसकी क्षमता को बढाने के सुझाव पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा इसी के स्तर का एक फिल्टर प्लांट नये स्थान पर जिसकी क्षमता दोगुनी हो नये स्थल पर डिजाइन के सुझाव आये है। इसके लिए उन्होंने नगर आयुक्त एवं सिटी मजिस्टेट को भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये।



एक प्रस्ताव जमरानी बांध परियोजना से प्रस्तावित है पूरे वाटर सप्लाई को ग्रेविटी बेस किया जाए साथ ही शीशमहल फिल्टर प्लांट जो वर्तमान में 35 एमएलडी पानी सप्लाई शहर को हो रही इसके अलावा विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा के उपरान्त जिलाधिकारी ने प्रस्तावित समाधानों के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश जल संस्थान के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वाटर के सैम्पल व (टीडीएस) भी चौक किये। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि नियमित रूप से पानी की सैम्पलिंग करने के निर्देश के साथ ही सैम्पलिंग का डाटा भी सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिये। इस दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान विशाल सक्सेना, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार कटारिया, आरएस लोसाली, जेई रविन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# सड़कों के किनारे व वन भूमि पर किए अतिक्रमण हटायें : डीएम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में माननीय उच्च न्यायालय में वन भूमि एवम सड़कों के किनारे अतिक्रमण के संबंध में योजित पीआईएल पर दिए गए निर्णय के अनुपालन के सम्बंध मे अतिक्रमण हटाने हेतु जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संबंधित प्रभागीय वन अधिकारियों, उप जिलाधिकारियो एवं लोक निर्माण विभाग, एन एच, एन एच आई के अधिशासी अधिकारियों के साथ आयोजित हुई। समीक्षा बैठक मे डीएम ने जनपद के स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे, एन एच,एन एच आई एवं शहर के अंतर्गत आंतरिक मार्गों एवम सड़कों के किनारे वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के चिन्हिकरण के कार्यों की प्रगति सबंधित अधिकारियो से फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा की सभी अपने-अपने क्षेत्रा अंतर्गत अवैध अतिक्रमण की सूची तैयार कर 10 अगस्त तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें।डीएम ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि छोटे स्तर के जो भी अवैध अतिक्रमण सड़कों के किनारे सरकारी भूमि एवम वन भूमि पर किए गये है सम्बन्धित अधिकारी स्वयं अपने स्तर से 15 अगस्त तक हटाना सुनिश्चित करें एवं जो बड़े स्तर के हैं उनको विधिवत नोटिस आदि की कार्यवाही पूर्ण कर हटाने हेतु सूचना 15 अगस्त तक उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने नगर एवम आयुक्त एवम सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये है कि शहर के जिन दुकानो के आगे रेहड़ी, फड़ या अन्य तरीके से अवैध अतिक्रमण किया गया है के संबंध में संबंधित दुकानदारों एवं व्यापार प्रतिनिधियों से समन्वय कर बैठक कर समाधान निकालते हुए उन्हें हटाना सुनिश्चित करें यदि इसके बावजूद भी दुकानें लगाई जाती है तो संबंधित दुकानदार को भी नोटिस देना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उपजिलाधिकारी हल्द्वानी को सड़क संबंधी विभागों से समन्वय कर शहर के सभी पार्किंग व नो पार्किंग जोन में साइन बोर्ड लगाने तथा इसके बावजूद अवैध रूप से यदि पार्किंग की जाती है तो उनके खिलाफ चालान की कार्यवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को हल्द्वानी शहर के 14 ऐसे जंक्शन जिन पर अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होता हैं, उनका अभियान के तहत प्राधिकरण के साथ संयुक्त रूप से चिन्हितकरण करते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग नैनीताल को नैनीताल शहर के उन सात जंक्शन जिन पर अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होता है को भी कार्यवाही में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि जिन विभागों ने अपनी अपनी सरकारी परिसंपत्तियों का जीआईएस मैपिंग अभी तक नहीं किया है वह तत्काल कार्यवाही करते हुए परिसंपत्तियों की रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, समस्त प्रभागीय वनाधि कारी, उप जिलाधिकारी लोक निर्माण विभाग, एनएच,एनएचआई अधिशासी अधिकारियों के अलावा नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट अधिकारी मौजूद थे।

# झूठे शपथ पत्र लगाले वालों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

## डीएम ने सब रजिस्टार हल्द्वानी एव रामनगर को किया तलब

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में प्राधिकरण द्वारा रेरा के प्रावधानों के उल्लंघन की सूचना देने के बाद भी विवादित खातों में रजिस्ट्री की शिकायत पर सब रजिस्टर हल्द्वानी एव रामनगर को तलब करते हुए बैठक ली एवम संबंधित को कार्यालय मैं कार्यप्रणाली में सुधारने लाने के निर्देश दिए कहा यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सब रजिस्टार से फर्जी एफिडेविट के साथ फर्जी तरीके एवम रेरा के प्रविधानो के नियमों का उल्लंघन कर जो रजिस्ट्री की जा रही है उन पर संज्ञान मिलने पर भी कारवाही न करने के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए झूठे शपथ पत्र देने की पुष्टि होने पर दोषी के विरुद्ध सख्त से सख्त विधिक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को गौलापार क्षेत्र की उन रजिस्ट्रीयो का निरीक्षण करने के निर्देश दिए जिनमें रेरा के प्रावधानों के विषय में लगाया गया शपथ पत्र गलत प्रतीत हो रहा है। यदि जांच में उक्त शपथ पत्र गलत पाये जाते है तो ऐसे रजिस्ट्री कर्ता के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए एफ आई आर दर्ज करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह सब रजिस्टर पुरानी हल्द्वानी गोपाल सिंह बिष्ट , सदीप तिवारी,रामनगर प्रताप सिंह रावत उपस्थित थे।

# चोरों ने दो और बाइकें उड़ाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में वाहन चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। अज्ञात चोरों ने अलग अलग स्थानों से दो और बाइकों पर हाथ साफ कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल गदरपुर में कार्यरत भूरारानी रोड निवासी महेश कुमार पुत्र प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने 2 अगस्त को अपनी बाइक संख्या आरजे23सीएस 5960 घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद बाइक गायब हो गयी। वहीं भूतबंगला वार्ड नं. छह रूद्रपुर निवासी आमीर पुत्र शहादत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने दोस्त हसैन पुत्र अमीर चन्द की बाइक संख्या यूके06एई 8021 को लेकर गांधी पार्क में मेला देखने आया था। उसने बाइक गांधी पार्क के सामने खड़ी की और मेले में चला गया। वापस आकर देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पंतनगर विवि के सभी विभागों के लिए नोडल अधिकारी होंगे नमित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जीबी पन्त विश्वविद्यालय से संबंधित मामले में गठित जांच समिति की बैठक मण्डलायुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में जीबी पन्त विश्वविद्यालय कैम्पस में सम्पन्न हुई। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि यूनिवर्सिटी के सभी सम्बन्धित विभागों के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाये। सम्बन्धित विभाग के अभिलेख नोडल अधिकारियों की कस्टडी में सुरक्षित व संरक्षित रखे जाये और डॉक्यूमेंट्स की सम्पूर्ण सुरक्षा का दायित्व नोडल अधिकारी का होगा तथा डॉक्यूमेंट्स मांगे जाने पर नोडल अधिकारी द्वारा समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने होंगे। बैठक के पश्चात मण्डलायुक्त ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का भी निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

# टैंट व्यापारियों ने बनाया आपदा राहत कोष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन की एक बैठक महानगर अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के सदस्य राज क्युरा के प्रतिष्ठान राज टैंट हॉउस में हुए अग्निकांड पर दुख व्यक्त किया गया और उनके प्रतिष्ठान पर पहुँच कर नुकसान का जायजा लिया। संगठन द्वारा टैंट व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर हो रहे अग्निकांड को लेकर सचेत रहने को व्यापारियों को सुझाव दिए व अग्निशमन यंत्र रखने के लिए जागरूक किया। साथ ही संगठन द्वारा विशेष आपदा राहत कोष का गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रत्येक सदस्य को 5000 रुपए हर वर्ष राहत कोष में जमा करने और इस तरह की आपदा में पीड़ित की मदद हेतु प्रस्ताव पास किया गया। जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया। संगठन द्वारा अग्निकांड के पीड़ित व्यापारी को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बैठक में महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष चंदन साह, संगठन मंत्री योगेश तिवाड़ी, गिरीश हैडिया, भोला भगत, विमल तोलिया, धीरज जोशी, जितेंद्र पाल सिंह, हरजीत सिंह सच्चर, नवीन पांडे सन्नू, भगवती प्रसाद जोशी, चंदन मेहता सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त सफर

देहरादून। उत्तराखंड की महिलाओं को रक्षाबंधन वाले दिन 30 अगस्त को उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में उत्तराखंड में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। सीएम धामी ने सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि राज्य सरकार कई वर्षों से रक्षाबंधन पर बहनों को रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देती आई है। इस बार भी यात्रा के दौरान महिलाओं व बहनों से बसों में कोई किराया नहीं लिया जाएगा। इसका पूरा खर्च सरकार वहन करेगी।

# पेट्रोल पंप के टैंक से तेल रिसाव होने से लगी आग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम के पास एक पेट्रोल पम्प के टैंक से तेल का रिसाव हो जाने के बाद वहां आग भड़क उठी। जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस व दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया और बड़ा हादसा घटित होने से रोक लिया। तत्काल टेक्निकल



टीम भी पहुंच गई। बताया जाता है कि टैंक से तेल निकालने के बाद पास बनी नाली में बहने लगा। जिसमे आग लग गयी और इस दौरान आसपास मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया।सूचना मिलने पर काठगोदाम थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। ऐसे में बड़ा हादसा होते बच गया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और टेक्निकल टीम मौके पर पहुँच गयी है। जो तेल के रिसाव की जांच करने में जुट गयी है।

# बैंक की नगर शाखा का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज सिंधी चौराहे के पास नैनीताल डिस्ट्रिक को ऑपरेटिव बैंक की नगर शाखा के नए भवन मे आने पर उसका विधिवत उद्घाटन किया गया। जिसका शुभारंभ कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र सिंह



नेगी ने फीता काटकर किया।नगर शाखा प्रबंधक अंजनी उप्रेती ने सभी अथितियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक के जीएम संदीप कुमार भाटिया, पीसी दुमका, संदीप बोरा, राजेंद्र सिंह रावत, रविन्द्र रेकुनी सहित शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष...

**कुलगाम में आतंकियों...**पुंछ और राजौरी जिलों में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई थी। दो दशक बाद इन इलाकों को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था। पुंछ में सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को जुलाई में मार गिराया था। बताया गया था कि ये आतंकी विदेशी थे। बताया जा रहा है कि घाटी में करीब 50 आतंकी ऐक्टिव हैं जिनमें से आधे विदेशी हैं।

**सरकार के खिलाफ...** को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रकरण में प्रभावित परिवार न्याय की आस लगाए है। आरोप लगाए कि राज्य सरकार की दमनकारी फैसले से क्षुब्ध होकर कांग्रेसी मौन सत्याग्रह कर रहे हैं। धरना स्थल में पूर्व विधायक विजयपाल सजवान, राजकुमार, मथुरा दत्त जोशी, गरिमा दसौनी अमरजीत सिंह विशाल मौर्य, डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, हेमा पुरोहित, गोदावरी थापली समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

**१५.१३ ग्राम स्मैक...**पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित पुलिस टीम क्षेत्र में नशा कारोबारियों की धरपकड़ को लेकर अभियान में मशगूल थी इसी दौरान गंगी बाबा रोड मोहल्ला किला निवासी मोहम्मद जुनेद उर्फ बबलू तोड़ी पुत्र अनीस अहमद को क्षेत्र से शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15. 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नशा कारोबारी के खिलाफ गैंगस्टर के अलावा पूर्व में एनडीपीएस के तीन मुकदमे दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई सुनील सुतेड़ी, दीपक जोशी, मनोज जोशी, हेड कांस्टेबल अनिल मनराल, कांस्टेबल अनिल कुमार, ताराचंद, कैलाश चंद्र, सुरेंद्र सिंह शामिल रहे

**बहन के साथा ससुराल...** है तथा दहेज के लिए प्रताडित करते थे। जिस पर उसने रूद्रपुर कोर्ट में केस कर दिया। उसे कोर्ट ने अनुमति दी कि वह अपनी सुसराल में रह सकी है। पीड़िता का कहना है वह एक महीने पहले मायके चली गई थी। क्योंकि उसके मामा के लड़के की मृत्यु हो गई। 4 अगस्त दोपहर 12 बजे वह अपनी ससुराल अपनी बहन के साथ गई थी। जहां दोनों बैठकर बाते कर रहे थे । कुछ समय बाद उसका ससुर आया और उसकी बहन को जबरन खीचकर दूसरे कमरे में ले जाने लगा। बहन ने विरोध किया और वह भी अपनी बहन को अपने ससुर से छुड़वाने लगी। आरोप है ससुर ने उसके कपड़े फाड़ दिये। इतने में सास मीना व नन्द दीपसीखा ने उसके साथ मारपीट कर दी और ससुर ने डन्डे से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। उसकी बहन ने उसे बचाया तो उसको भी मारा। किसी तरह अपनी बहन को पकड़ कर कमरे में घुस गई और हमने अन्दर से कुन्डी लगा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस हमलावरों के चंगुल से निकाला। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चोरी की चौदह...**टीम क्षेत्र में चोरों की टोह रही थी इस दौरान मानपुर रोड से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए दो लोगों को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों में अपना नाम मानपुर रोड निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र निर्मल सिंह तथा दूसरे में मोहल्ला काजी बाग निवासी जुनैद अंसारी पुत्र जहीर अंसारी बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर पकड़े गए दोनों युवकों ने जुर्म कुबूल करते हुए यूपी के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलावा उत्तराखंड के रामनगर आईटीआई व काशीपुर कोतवाली थाना क्षेत्र से चुराई गई 14 मोटरसाइकिलों को सुनसान स्थान से झाड़ियों से बरामद कराया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार बाइक चोरों को पुलिस द्वारा जेल रवाना कर दिया गया। मोटरसाइकिल चोरी के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दोपहर बाद बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

**विद्युतआपूर्ती ठप...**लेकर जनप्रतिनिधि पूरी तरह जनता के बीच से गायब है उन्होंने कहा कि शहर में बिजली और पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अपने घरों में बैठे हैं और जनता के बीच में आने तक की जहमत नहीं उठा रहे हैं उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं शासन प्रशासन से सभी संसाधनों की पूर्ति करने की मांग की है तो वही अधीक्षण अभियंता नवीन मिश्रा ने बताया कि जो ट्रांसफार्मर में फाल्ट हुआ था उसके बदले नया ट्रांसफार्मर आ गया है जिसे लगाने का कार्य चल रहा है उन्होंने आज शाम तक नगर की विद्युत आपूर्ति बहाल करने की बात कही है तो वहीं उन्होंने जनता द्वारा दिए गए सहयोग के लिए भी सभी का आभार व्यक्त किया है।

**तेदुएके शावक का...** उछल कूद करते हुए ट्रांसफार्मर पर चढ़ा होगा और उसे करंट लग गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों का हुजूम मौके पर उमड़ पड़ा। वहीं सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और तेंदुए के शावक के शव को कब्जे में लेकर रामनगर पोस्टमार्टम करवाने के लिए रवाना हो गई।

**सास ने बहू पर ..**तथा पति और सास के व्यवहार से वह अत्यंत आहत है। पीड़िता ने कोतवाली लालकुआं में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा का कहना है कि मामले में उपनिरीक्षक वंदना चौहान ने पीड़िता की सास को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है, जल्द ही मामलें में कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क किनारे खड़ा...**चावला धर्मकांटा के पास आया था। ट्रक से सरिया उतारने के बाद चालक ने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। शाम पांच से छह बजे के बीच ट्रक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

**क्रिप्टो करेंसी के ...**जिसके बदले में उसे क्रिप्टो प्राप्त हुए। जब उसने अक्षय सुरेश को 5.50 लाख रूपये दिए तब वह टालमटोल करने लगा । उसने रूपये के बदले में उसे क्रिप्टो नहीं दिया और धोखाधाड़ी से उसके 5.50 लाख रूपये हड़प लिए। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।


## सूचना संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राजीव व उसकी पत्नी श्रीमती रश्मि का व्यवहार मेरे एवं परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति अच्छा नहीं है। राजीव गलत संगत में पड़ गया है। आये दिन दोनों घर में कलह करते हैं और परिवार को किसी तरह का सहयोग नहीं देते। जिससे दुखी और परेशान होकर मैंने अपने पुत्र राजीव एवं उसकी पत्नी श्रीमती रश्मि को परिवार से अलग कर दिया है और दोनों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी रिश्ते-नाते समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में राजीव एवं उसकी पत्नी श्रीमती रश्मि अपने हर अच्छे बुरे कार्य एवं लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-श्रीमती प्रेमवती पत्नी स्व0 श्री लेखराज निवासी वार्ड नं0-10 गांधी कालौनी,रूद्रपुर ,जिला उधमसिंह नगर


# अवैध तमंचा सहित किशोर पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी चौकी पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक किशोर को अवैध तमंचा सहित अपने संरक्षण में ले लिया। जानकारी के अनुसार उनि महेश कांडपाल साथी पुलिस कर्मियों का. दिनेश सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पीएसी गेट के पास पहुंचे जहां थोड़ी दूरी पर एक किशोर संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर पकड़ लिया । नाम पता पूछने के बाद जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने किशोर को अपने संरक्षण में लिया । बरामद तमंचा कब्जे में लेकर पुलिस ने किशोर के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पुनीत भुल्लर से बदलकर पुनीत मारवा रख लिया है, भविष्य में मुझे पुनीत मारवा के नाम से जाना पहचाना जाए।

-पुनीत मारवा पत्नी श्री पृथ्वी पाल सिंह निवासी-एबरो-ई-006, ओमैक्स रिवेरा, रुद्रपुर,उधमसिंह नगर, उत्तराखंड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सही दिशा में सही प्रयास और कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी: सीडीओ

## मेरा सपना मेरा भविष्य के अंतर्गत करियर काउंसिलिंग में छात्राओं को दिये सफलता के टिप्स





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग, ऊधमसिंह नगर की ओर से नगर निगम सभागार में केंद्र पोषित योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत मेरा सपना मेरा भविष्य के अंतर्गत करियर काउंसिलिंग और रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरूनानक इण्टर कॉलेज, रुद्रपुर, सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज, रुद्रपुर की तीन सौ से अधिक छात्राओं की करियर काउंसिलिंग कर उन्हें भविष्य के लिए रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही गौतम हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित रक्त जांच का शिविर के माध्यम से किशोरियों में एनीमिया की जांच की गई। कार्यक्रम का आरंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा एवं आई ए एस अधिकारी श्रीमती आशिमा गोयल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने छात्राओं को प्रशासनिक सेवा में विभिन्न अवसरों के बारे में बताया और सिविल सेवाओं में जाने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे जीवन के जो भी लक्ष्य हैं उन्हें पाने में बाधाएं और समस्याएं आती हैं। यदि समस्या की जगह समाधान पर ध्यान दिया जाए तो समस्या को बेहतर तरीके से और जल्दी समाप्त किया जा सकता है और लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। अधिकारी श्रीमती आशिमा गोयल ने कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में करियर के अवसरों, तैयार में आने वाली बाधाओं और उनके समाधान के साथ की। उन्होंने छात्राओं को करियर के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपने करियर के प्रति सजग होना चाहिए। हम कुछ भी तभी बन सकते हैं जब हम बनना चाहते हैं। आशिमा ने छात्राओं को कम से कम दो क्षेत्रों में करियर और निपुणता प्राप्त करने की सलाह दी। कार्यक्रम में गौतम हॉस्पिटल के न्यरो सर्जन डॉक्टर सुनील सिंह गौतम ने न्यूरो चिकित्सा के क्षेत्र में करियर के बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की ओर से डॉ. प्रियंका बंसल ने चिकित्सा क्षेत्र में भविष्य पर चर्चा की। जिला सेवायोजन कार्यालय से अधिकारी श्री आर. के. पंत जी ने छात्राओं को सेवा योजन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और सरकारी क्षेत्रों के अलावा निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों स्व व्यवसाय के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। पंतनगर आईटीआई से श्री प्रमोद कुमार वर्मा जी ने आईटीआई के क्षेत्र में इन्ट्रूमेंट डिजाइनिंग पर प्रकाश डालते हुए आईटीआई के क्षेत्र में संभाावनाओं पर प्रकाश डाला। शैलेन्द्र जोशी ने पॉलीटेक्निक में प्रवेश और संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। डाइटीशियन श्रीमती अंशुल टण्डन ने पैरामेडिकल और स्वरोजगार के क्षेत्र में करियर पर प्रकाश डाला। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने लॉ के क्षेत्र में करियर बनाने के साथ स्वरोजगार तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों मे करियर की संभावनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आशा नेगी द्वारा छात्राओं को मजावरी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के किशन सिंह मेहरा, सोनाली जौहरी,सुषमा, रोली कश्यप, पूजा, राष्ट्रीय पोषण मिशन से बबिता, मेघा यादव, एसबीएस पीजी कॉलेज और गुरूनानक इण्टर कॉलेज की शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में छात्र नेताओं और प्राध्यापकों के बीच नोक-झोंक



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महा विद्यालय परिसर में छात्र छात्र नेताओं एवं प्राध्यापकों के बीच नोक झोंक हो गई। प्राध्यापक जहां बाहरी तत्वों द्वारा परिसर में घुस आने,अभद्र भाषा का प्रयोग एवं महिला प्राध्यापकों, कर्मचारियों से दुर्व्यवहार की बात कह रहे थे। वही छात्र एक प्राध्यापक द्वारा कल परीक्षा के दौरान छात्रों द्वारा पेयजल के विषय में व्यवहार को लेकर उग्र थे। सायंकाल कई छात्र नेता परिसर में धरने पर बैठ गए। प्राध्यापकों ने प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर सर्वजीत सिंह के नेतृत्व में छात्र नेताओं को समझाने की कोशिश की जब वह नहीं माने और उग्र होते गए तब समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी प्रभारी प्राचार्य के नेतृत्व में वहीं पर धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस की समझ नहीं आया कि मामले को कैसे हल किया जाए। अंतत: एक सीनियर छात्र ने प्रोफेसर सर्वजीत सिंह से वार्ता कर मामले को हल किया। छात्रों ने पेयजल व्यवस्था होने की बात पर संतुष्टि जताई। वही प्राध्यापकों ने कहा कि परिसर में बाहरी तत्वों का प्रवेश किसी भी कीमत पर नहीं होना चाहिए। जिस पर छात्रसंघ अध्यक्ष गौतम पपनेजा एवं उसके साथियों ने भी सहमति जताते हुए पूर्ण सहयोग की बात कही।

# वन विभाग की चौकी में घुसा बेकाबू कैंटर

## नशे में धुत चालक घायल,चौकी कर्मी बाल-बाल बचे



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बिलासपुर रोड पर बेकाबू कैंटर वन विभाग की चौकी में घुस गया। इस दौरान चौकी के कर्मचारी बाल-बाल बचे। हादसे में कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बमुश्किल कैंटर से बाहर निकालकर अस्पताल भर्ती कराया गया। घटना के वक्त चालक नशे में था। जानकारी के मुताबिक कैंटर संख्या यूके 06सीए 7130 शुक्रवार शाम रूद्रपुर से बिलासपुर की ओर जा रहा था। यूपी बार्डर पर कैंटर अनियंत्रित होकर वन विभाग के चेकपोस्ट में घुस गया। इस दौरान चौकी के बाहर मौजूद कर्मियों ने भागकर अपनी जान बचायी। हादसे में चौकी क्षतिग्रस्त हो गयी और कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से चालक प्रवेश उसमें फंस गया। उसे बमुश्किल कैंटर से निकालकर पास ही स्थित नारायण अस्पताल भर्ती कराया गया। हादसे के वक्त चालक नशे में था। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि करीब तीन चार किलो मीटर पहले से ही चालक कैंटर को गलत ढंग से चला रहा था। एक ई रिक्शा और बाइक भी उसकी चपेट में आने से बाल- बाल बचे। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक जाम लग गया। पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलकर यातायात सुचारू कराया।

